Punjab Kesari

# लाइफ इंश्योरैंस के लिए सिमुलेटर

चंडीगढ़, 19 मई (अश्विनी कुमार): केनरा एच.एस.बी.सी. ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स लाइफ इंश्योरैंस कम्पनी ने लाइफ इंश्योरैंस सिमुलेटर (एल.आई.एस.) को बाजार में उतारा है। इसका मकसद ग्राहकों को फाइनांशियल प्लानिंग के महत्व से वाकिफ कराना है। एल.आई.एस. एक अंतर सक्रिय सॉफ्टवेयर है, जो ग्राहकों के कुछ सामान्य कदमों से यह आकलन कर सकता है कि उनकी प्रत्येक आवश्यकता के लिए उन्हें कितने पैसों की आवश्यकता है और यह भी कि उनकी मौजूदा बचत और निवेश इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्याप्त हैं कि नहीं।

एल.आई.एस. एक अनूठा एप्लीकेशन है और इसमें समझने में आसान, बातचीत की शैली वाले निर्देश हैं तथा भिन्न परिदृश्य उपलब्ध हैं, जिससे ग्राहक को अपनी वित्तीय आवश्यकताओं का मूल्यांकन करने में सहायता मिलती है। एल.आई.एस. अंग्रेजी, हिन्दी और 2 अन्य क्षेत्रीय भाषाओं-पंजाबी व कन्नड़ में उपलब्ध हैं। चंडीगढ़ में एल.आई.एस. की पेशकश करते हुए केनरा एच.एस.बी.सी. ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स लाइफ इंश्योरैंस कम्पनी के सीनियर वी.पी.-प्रोडक्ट्स एंड मार्केटिंग ऋषि माथुर ने कहा कि फाइनांशियल प्लानिंग उद्देश्य तय करने, संसाधनों का आकलन करने, भविष्य की वित्तीय आवश्यकताओं का अनुमान लगाने और कतिपय लक्ष्य हासिल करने के लिए योजना बनाने की प्रक्रिया है। इससे वित्तीय योजना बनाने में सहायता मिलेगी क्योंकि यह जीवन के 4 आवश्यक चरणों-परिवार की सुरक्षा, बच्चे के भविष्य की आवश्यकता, सम्पदा तैयार करने और रिटायरमैंट पर केंद्रित है।

*एच.एस.बी.सी. के सीनियर वी.पी. ऋषि माथुर नए सिमुलेटर की लांचिंग करते हुए।* (मनजीत)

**केनरा एच.एस.बी.सी. ने पेश किया नया सिमुलेटर**